राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांकः CCE/ISDC/RACE/ Monitoring/2019-20/ ..01.......... Date: 13 March 2020

प्राचार्य, एवं अध्यक्ष
नोडल महाविद्यालय, जिला संसाधन सहायता समिति (DRAC)
RACE योजना
राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान

विषय : **RACE योजना के क्रियान्वयन एवं उपलब्धियों की सूचना "RACE REPORT" स्प्रैडशीट में भरने बाबत।**

संदर्भ : CCE/ISDC/RACE / 2019-20/ 2083; Dated 02 March 2020

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि आपसे संबधित जिले के सभी महाविद्यालयो मे RACE योजना की प्रगति एवं क्रियान्विति के संबध में सूचना चाही गयी थी। आपके जिले में सभी राजकीय महाविद्यालयों से सूचना संग्रहित कर जिले की सूचना इस **"RACE REPORT" स्प्रैडशीट** में भरनी थी, जबकि कुछ अधिकांश नोडल महाविद्यलयो ने केवल अपने महाविद्यालयकी सूचना भरी है, **जिले की समग्र सूचना उपलब्ध नही करवायी गई है।**

सभी नोडल महाविद्यालयां को पुनः निर्देशित किया जाता है कि आपके संबंधित जिले के महाविद्यालयों की **कॉलम W से कॉलम AE तक** की समग्र सूचनाएं इस स्प्रैडशीट में भरवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि आपके जिले की स्पष्ट तस्वीर उभर कर आ सके। यथा आपके जिले में स्थित सभी राजकीय महाविद्यालयों में IDEA के अन्तर्गत कुल कितने व्याख्यान/सेमीनार/संवाद कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस प्रकार जिले में स्थित सभी राजकीय महाविद्यालयों में Community Book Bank में कुल कितनी पुस्तकें प्राप्त हुई हैं। इसी प्रकार जिले में स्थित सभी राजकीय महाविद्यालयों से संबंधित **कॉलम W से कॉलम AE तक** की समग्र सूचनाएं नोडल कॉलेज द्वारा भरवाया जाना सुनिश्चित करना है।

साथ ही, अध्यापन एवं प्रशासनिक व्यवसथा हेतु भेजे गये शिक्षक एवं गैर शैक्षणिक कार्मिको से संबंधित सूचनाएं जो कि **कॉलम E से कॉलम V तक मांगी गई हैं,** का भी अपने स्तर पर पुनरावोलकन करें तथा किसी प्रकार की संख्यात्मक अशुद्धि हो तो उसे ठीक करवाकर इस स्प्रैडशीट में सही सूचनाएं भरवायें। आपको **"RACE REPORT" स्प्रैडशीट** में आपके जिले की सूचनाएं दिनांक 17 मार्च 2020 तक आवश्यकरुप से पूर्ण करवानी है। अतः आप द्वारा जिला स्तर पर जिले के राजकीय महाविद्यालय से समन्वय करने हेतु नामित प्रभारी अधिकारियो के माध्यम से सूचना संग्रहण का कार्य करवा कर इस कार्य को गति प्रदान करें।

सभी जिलो की सूचनाओं के आधार पर ही इस योजना की अंतिम रिपोर्ट तैयार कर सरकार को प्रस्तुत की जानी है। अतः सही सूचना प्रेषण एवं इस कार्य को समय पर पूर्ण करवाये।

प्रदीप कुमार बोरड, IAS
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा,
राजस्थान

पत्रांकः CCE/ISDC/RACE/ Monitoring/2019-20/ ..01.......; Date: 13 March 2020

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है–

1. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
2. समस्त क्षेत्रीय सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान को निर्देशानुसार पत्र प्रेषित कर लेख है कि आपके संभाग में स्थित राजकीय जिलों/महाविद्यालयों की सूचना कार्य की मॉनिटरिंग करें।
3. संबंधित प्रभारी अधिकारी, कॉलेज समूह, आकाशि, जयपुर निर्देशानुसार पत्र प्रेषित कर लेख है कि अपने अपने संबंधित महाविद्यालयोंसे सम्पर्क करके वांछित सूचना कार्य की मॉनिटरिंग करें।
4. वैब प्रभारी को आकाशि की वैबसाइट पर अपलोड/संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
5. रक्षित पत्रावली।

13/03/2020

डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी,
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ